कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एंव विकास
ग्वालियर–चंबल संभाग (यांत्रिकीय प्रकोष्ठ)
ई–मेल आई.डी. eegwalior@mpurban.gov.in

होटल ग्रेस के सामने,
मानिक विलास कालोनी
ग्वालियर (म.प्र.)

क्रं. / यां.प्र. / चंबल.सं. / 23 / 18

ग्वालियर, दिनांक 11-01-2023

– विज्ञप्ति –

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग चंबल संभाग के अंतर्गत मुरैना, भिण्ड एवं श्योपुर जिले की नगरीय निकायों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत निकाय के अंतर्गत चल रहे / होने वाले सीमेंट कंक्रीट एंव डामर की सड़कों की टेस्टिंग के अनुभवी बी.ई (सिविल) / डिप्लोमाधारी (सिविल) / बी.एस.सी. डिग्रीधारी लैब सहायक की आवश्यकता है, जिसके लिये मासिक मानदेय के आधार पर आवेदक दिनांक 20.01.2023 तक आवेदन कार्यालय की उपरोक्त ई–मेल आई. डी. पर अथवा रजिस्ट्री / स्पीडपोस्ट / कोरियर के माध्यम से भेज सकते है। आवेदन अधीक्षण यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास ग्वालियर–चंबल संभाग के कार्यालय में आकर स्वंय भी दे सकते है। आवेदन का प्रारूप कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हे। इस विज्ञप्ति को विभाग की वेबसाइट mpurban.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

शर्ते :–

1. सेवानिवृत अधिकारी / कर्मचारी भी आवेदन कर सकते है, जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक न हो।
2. आवेदक को किसी भी शासकीय विभाग / इंजीनियरिंग कॉलेज / पॉलिटेक्निक कॉलेज / NABL लैब में 5 वर्ष का टेस्टिंग का अनुभव हो।
3. यह नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी, आवश्यकतानुसार समयावधि में वृद्धि (कम या अधिक) की जा सकती है।
4. प्रतिमाह मानदेय 10,000 / – होगा।
5. आदेश देने पर किसी भी निकाय में सेम्पल टेस्टिंग हेतु जाना होगा।
6. संबंधित को कंक्रीट रोड, डामर रोड के विभिन्न टेस्ट करने का ज्ञान विधि एवं दस्तावेज तैयार करने का ज्ञान होना चाहिए।
7. एक से अधिक आवेदन आने पर योग्यता एवं अनुभव के आधार पर नियुक्ति की जावेगी, जिसके लिये कारण बताया जाना आवश्यक नहीं होगा।

अधीक्षण यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
चंबल संभाग, ग्वालियर

139 letter 2022-23